## एक नजर में

### प्रोविडेंस कॉन्वेंट स्कूल की प्राचार्य जेंसी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आज

**पचोर 19 अगस्त, सं.** प्रोविडेंस कान्वेंट स्कूल की पूर्व प्राचार्य एवं मैनेजर सिस्टर जेंसी का निधन 9 अगस्त को हो गया. वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी 59 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया. सिस्टर जेंसी का अंतिम संस्कार केरल में किया गया. सिस्टर जेंसी से आत्मीय संबंध रखने वाले जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक सामाजिक धार्मिक संगठन के पदाधिकारी सिस्टर जेंसी को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित कर सके इस हेतु विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रोविडेंट कान्वेंट स्कूल द्वारा शाम 5 बजे विद्यालय सभा हाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है.

### नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन हुआ

**जीरापुर 19 अगस्त, सं.** जन अभियान परिषद विकासखंड के सेक्टर रामगढ़ अंतर्गत नवांकुर संस्था स्व. रामनारायण सिंघी सेवा समिति रामगढ़ द्वारा गांव बठेडिया में नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक बीरम सिंह परमार, नवांकुर संस्था स्व.श्री रामनारायण सिंघी सेवा समिति रामगढ़ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बठेड़िया अध्यक्ष नाहर सिंह, बालचन्द लववंशी,ग्राम बठेड़िया के ग्रामीण जनों, माता-बहनों की उपस्थिति में हुआ. कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, नवांकुर सखियों, समिति पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. आभार नवांकुर संस्था अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघी ने माना.

### सुठालिया ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष बने गोपाल लोधी

**सुठालिया 19 अगस्त, सं.** हाल ही में जारी की गई ब्लाक कांग्रेस की कार्यकारिणी में सुठालिया निवासी गोपाल लोधी को ब्लाक उपाध्यक्ष मनोनीत किया है . उनकी नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री विधायक जयवर्धन सिंह की सहमति से जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची की अनुशंसा पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष धीरप सिंह सोधिया ने की श्री लोधी को ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष बनाए जाने से स्थानीय कांग्रेस नेताओं पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है.

### पेंशनर एसोसिएशन द्वारा ध्वजारोहण किया गया

**ब्यावरा 19 अगस्त, का.** स्वतंत्रता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर डे केयर सेंटर पर प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन शाखा ब्यावरा द्वारा सर्व प्रथम शाखा अध्यक्ष कालूराम शाक्यवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया. उसके उपरांत जी.एल. जोनवार की अध्यक्षता व के.एस. भारतीय, जहूर खां के विशेष आतिथ्य में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक आयोजन किए. बैठक का संचालन शाखा के सचिव राधेलाल टेलर द्वारा किया गया. कैलाश नारायण सुतार, सुरेंद्र राघव ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किए.सत्य प्रकाश गुप्ता,दीन दयाल शिवहरे, सतनाम सिंह छावड़ा, रामचंद्र साहू, दुर्गा प्रसाद टेलर,के एस भारतीय, जहूर खां के द्वारा आजादी के महापर्व पर महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, सुभाष चन्द्र बोस, भगतसिंह, राजगुरु, चंद्र शेखर आजाद व सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए,जो आजादी हमें संघर्षों से प्राप्त हुई है. बैठक में कृष्ण दास अग्रवाल, जी डी गौर, जनरल सिंह राजपूत, प्रेम शंकर शाक्यवार, एम एम व्यास, रामदास चौरसिया आदि शामिल रहे.



### सावन सोमवार पर बैजनाथ धाम में 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे

**नरसिंहगढ़ 19 अगस्त, सं.** सावन सोमवार पर नगर में आस्था और भक्ति का उत्साह देखने को मिला. आसपास के गांवों के साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु शिवालयों में दर्शन करने पहुंचे. प्राचीन बैजनाथ बड़ा महादेव शिवालय में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया. मंदिर की सीढ़ियों पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही. बड़ोदिया तालाब से लगातार 14 वें वर्ष कांवड़ यात्रा निकाली गई. कांवड़िए जल लेकर बैजनाथ धाम पहुंचे और भगवान शिव का अभिषेक किया. वहीं कुरावर से मुकेश बाबा मित्र मंडल की कांवड़ यात्रा भी धूमधाम से नगर पहुंची.

# नरसिंहगढ़ का जल लेकर छापीश्वर को चढ़ाया

## नरसिंहगढ़ से जीरापुर तक 100 किमी चली डाक कांवड़ यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 19 अगस्त, सं.** नगर में पहली बार श्री हटीले हनुमान गौ रक्षा दल के तत्वावधान में डाक कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया.गौ रक्षा दल जीरापुर के सदस्य नरसिंहगढ़ स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक छोटे महादेव मंदिर पहुंचे. वहां से जल भरकर डाक कावड़ यात्रा की शुरुआत की गई. कांवड़िए लगभग 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल तय कर जीरापुर नगर स्थित शिवशंकर महादेव ताल मंदिर, छांपी बांध पहुंचे. इस दौरान



कांवड़ियों ने नगर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण किया. भक्त हर हर महादेव और जय श्री राम जय गौ माता के जयकारों के साथ चल रहे थे. अंत में छांपी बांध पर पहुंचकर भगवान महादेव का जलाभिषेक किया गया. डाक कावड़ यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और गौ माता की सेवा भाव को बढ़ावा देना रहा.

# अगस्त में ही अस्त हो रहा मानसून, रिकॉर्ड से पीछे

## नरसिंहगढ़ के झरने रहे सूने, ब्यावरा और राजगढ़ भी औसत से आधी बारिश मे सिमटे

**बार-बार लग रहा बारिश पर ब्रेक**
**औसत से कम बारिश बनीं चिंता का कारण**
**फसलों को फिलहाल राहत**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 19 अगस्त, का. कमजोर तरीके से आमद देने वाले मानसून आंकड़ों के हिसाब से अगस्त में अस्त हो रहा है. बारिश के रास्ते में कमजोर मानसून के चक्कर में लगातार स्पीड ब्रेकर आ रहे है. ऐसे में आकड़ों से हमेशा पीछे रहने वाली बारिश अगस्त के तीसरे सप्ताह में भी खासा असर नहीं दिखा पाई है. अंचल में औसत से आधी बारिश हो सकी है. हालांकि वर्ष 2024 के आंकड़ों को लगभग बारिश ने पहले पखवाड़े में छू लिया है लेकिन बीते वर्ष की तुलना में आंकड़ों में बरसात काफी कमजोर नजर आ रही है.**

उल्लेखनीय है कि जून से लेकर अब तक केवल तीन या चार बार ही तेज बारिश जिले में देखने को मिली है. जुलाई माह के अंतिम दिनों और 15 अगस्त के आसपास ही बारिश ने अपना सौंदर्य दिखाया. इसके अलावा पूरा सावन भी बीतने को है बारिश ने एक बार में दो दिन से ज्यादा झमाझम देखने का मौका ही नहीं दिया.



### खाली रह गए नरसिंहगढ़ के ताल-तलैया

आंकडों पर गौर किया जाए तो इस वर्ष जिले में सबसे कम बरसात नरसिंहगढ़ में हुई है. यहां अब तक महज 335 मिमी बारिश ही दर्ज हो सकी है. जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 1138 यानी तीन गुना से ज्यादा बारिश हो चुकी थी. यहां के ताल, तलैया और झरने इस बार खाली पड़े है.

### अब अगले 30 दिनों में बारिश की भरपाई की उम्मीद

मानसून चक्र के अनुसार अब केवल 30 दिन शेष है. सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह मानसून के समापन का सत्र माना जाता है. ऐसे में आगामी 30 दिन बेहद महत्वपूर्ण और आशाजनक रहने वाले है. अगले 30 दिनों में आंकड़ों से दूर रहने वाली बारिश को भरपाई करनी होगी जिससे कि वर्षभर के जल संचयन की स्थिति निर्मित हो सके. इस वर्ष भी भारी जलसंकट और भूमिगत जल के बढ़ते दोहन के कारण पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो गई है. बांध अभी भी पर्याप्त मात्रा में भरे नहीं है.

### 16 अगस्त 2026 तक बारिश के आंकड़े

| | |
|---|---|
| जीरापुर | 924 |
| खिलचीपुर | 923 |
| राजगढ़ | 677 |
| ब्यावरा | 666 |
| नरसिंहगढ़ | 335 |
| सारंगपुर | 799 |
| पचोर | 864 |

**जिले की कुल औसत वर्षा 738.6 मिमी दर्ज की गई.**

### 16 अगस्त 2025 तक बारिश के आंकड़े

| | |
|---|---|
| जीरापुर | 1003 |
| खिलचीपुर | 1017 |
| राजगढ़ | 957 |
| ब्यावरा | 1795 |
| नरसिंहगढ़ | 1138 |
| सारंगपुर | 491.6 |
| पचोर | 826 |

**जिले की कुल औसत वर्षा 1040.7 मिमी दर्ज की गई.**

### दांगी-डांगी क्षत्रिय महासंघ की बैठक सम्पन्न

**जीरापुर 19 अगस्त, सं.** दांगी-डांगी क्षत्रिय महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का मण्डफिया दरबार रिसोर्ट श्री सांवलिया मंदिर राजस्थान में हुई. बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर द्वारा की गई. बैठक में मुख्य अतिथि माधवसिंह दांगी पूर्व चेयरमेन फार्म एवं बीज विकास निगम भोपाल, शिरोमणी सिंह दांगी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, डां. हीरालाल मोर्य उपाध्यक्ष, पुष्करलाल दांगी विधायक मावली, उदयपुर, राजस्थान, श्रीमति सुनीता दांगी महिला विकास निगम चेयरमेन हरियाणा, डां. रामप्रसाद दांगी पूर्व विधायक खिलचीपुर, रामचन्द्र दांगी पूर्व विधायक , दुलीचन्द दांगी पूर्व विधायक मावली उदयपुर , विशिष्ट अतिथि गुलाबसिंह दांगी प्रदेश अध्यक्ष उत्तरप्रदेश, मेघराज दांगी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, तोरणसिंह दांगी प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश, अशोक दांगी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवक संघ भारत, ओम दांगी , देवेन्द्रसिंह दांगी , पंकज पटेल , बालचन्द दांगी कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष, रवि दांगी अध्यक्ष युवक संघ, भागचन्द दांगी झालावाड के सानिध्य में सम्पन्न हुई.

# एसडीएम द्वारा कथित टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन सौंपा

## अजाक्स राजगढ़ ने जताई आपत्ति

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 19 अगस्त, का. अजाक्स जिला राजगढ़ द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्कालीन एसडीएम राजगढ़ श्रीमती निधि भारद्वाज द्वारा शिक्षक प्रतिनिधियों के समक्ष अजाक्स संगठन के संबंध में कथित रूप से अपमानजनक एवं धमकी पूर्ण टिप्पणी किए जाने के मामले में निष्पक्ष जांच एवं विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है.**

अजाक्स ने स्पष्ट किया कि संगठन अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और सम्मान के लिए लोकतांत्रिक तरीके से कार्य करता है. संगठन की गरिमा एवं सदस्यों के सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा. सम्मान, अधिकार और संविधान की रक्षा के लिए अजाक्स सदैव संघर्षरत रहेगा.

### पटवारी संघ की तहसील कार्यकारिणी गठित

**राजगढ़ 18 अगस्त, का.** पटवारी संघ राजगढ़ की ओर से मंगलवार को बेजनाथ महादेव, खोयरी में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया. नवनियुक्त कार्यकारिणी में पटवारी मोहन सिंह उमठ को अध्यक्ष, भंवरलाल चौहान को सचिव, अंकित खरे को प्रवक्ता तथा सुमित मेवाड़ को कोषाध्यक्ष बनाया गया है. इस अवसर पर पटवारी संघ के सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया.

# आस्था की रात में गूंजे भजन, कुलदेवी बोरमाता से मांगी सुख-समृद्धि

**नवभारत न्यूज**

**संडावता 19 अगस्त, सं.** परंपरा, आस्था और सामाजिक एकजुटता का अनूठा संगम सोमवार रात देखने को मिला. जब स्थानीय नागर भिलाला समाज ने अपनी कुलदेवी बोरमाता की पूजा-अर्चना कर रात्रि जागरण किया. श्रीराम मंदिर के समीप नीम के पेड़ के नीचे स्थित बोरमाता के स्थान को फूलों से सजाया गया. इसके बाद विधि-विधान से पूजा कर समाजजनों ने देर रात तक भजन-कीर्तन किए. समाजजनों के अनुसार बोरमाता का




यह स्थान वर्षों पुराना है और उनके पूर्वजों के समय से ही कुलदेवी के रूप में यहां पूजा-अर्चना की जाती रही है. प्रतिवर्ष समाजजन एकत्रित होकर इस परंपरा का निर्वहन करते हैं. रात्रि जागरण के दौरान समाजजनों ने नगर की सुख-शांति, खुशहाली, अच्छी बारिश, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की. मंगलवार सुबह आरती के साथ जागरण का समापन हुआ.इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया.

### ग्रामीण अंचलों में निकाली कांवड़ यात्रा

**खिलचीपुर 19 अगस्त, सं.** सावन के तीसरे सोमवार को खिलचीपुर क्षेत्र में शिवभक्ति का अनूठा दृश्य देखने को मिला. पानखेड़ी, मन्नीपुरा, ब्यावरा खुर्द और बोरखेड़ा गांवों के ग्रामीण कांवड़ लेकर बिल्लेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए. श्रद्धालुओं ने करीब 21 किलोमीटर की पैदल यात्रा की और शाम करीब 5.30 बजे मंदिर पहुंचे. यहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया. कांवड़ यात्रा में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित रोहित नागर भी शामिल हुए. डीजे पर शिव भजनों की धुन के साथ श्रद्धालु उत्साह से आगे बढ़ते रहे.

# करनवास में हर्षोल्लास से मनाया आजादी का पर्व




**नवभारत न्यूज**

**करनवास 19 अगस्त, सं.** स्वतंत्रता दिवस विद्यालय प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास से संपन्न हुआ. विद्यालय के वरिष्ठ बाबूजी दुर्गा प्रसाद जाटव के द्वारा झंडा वंदन किया गया. आकर्षक झांकियो के साथ बच्चे ने पूरे ग्राम में प्रभात फैरी निकाली.

मुख्य अतिथि भारतीय सेवा में पदस्थ सैनिक जितेंद्र यादव, शिवनारायण नेताजी, पूर्व सरपंच हरिनारायण यादव, पत्रकार मनमोहन शर्मा, मनोहरलाल नामदेव उपस्थित रहे. इस अवसर पर सैनिक जितेंद्र यादव ने संबोधित किया. प्राचार्य महेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया गया. संचालन जन शिक्षक लाड सिंह चौहान ने किया गया.



# 23वीं बार कन्या शाला को वॉटर कूलर भेंट किया

**नवभारत न्यूज**

**तलेन 19 अगस्त, सं. शासकीय कन्या हाई स्कूल में डॉ मिश्रा ने उनकी धर्मपत्नी की स्मृति में दिया एक वाटर कूलर. जल ही जीवन के साथ स्वच्छ जल स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी. छात्राओं को आशीर्वचन में डॉक्टर मिश्रा ने बोला कि अच्छी पढ़ाई करें शासन ने आपके लिए आरक्षण दिया है उसका लाभ उठाएं आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई में लक्ष्य बनाकर चलें लक्ष्य ही आपको आगे ले जाएगा.**

डॉक्टर मिश्रा ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की इस अवसर पर डॉक्टर मिश्रा के साथ तलेन के डॉक्टर माहेश्वरी भी उपस्थित थे. डॉ मिश्रा ने अपने उद्बोधन में में बताया कि मैं मेरी धर्मपत्नी स्वर्गी डॉक्टर की स्मृति में अभी तक कन्या स्कूलों में अभी तक यह 23 व वाटर कूलर दे रहा हूं. डॉ मिश्रा ने बताया कि कन्याओं की विवाह में प्रतिवर्ष 21000 रुपए गायत्री शक्तिपीठ सुजालपुर में प्रतिवर्ष अच्छे संस्कार मिले इस हेतु 25 हजार रुपए. निर्धन छात्राओं पढ़ाई हेतु अभी तक में 642 छात्राओं की फीस जमा कर चुका हूं. डॉक्टर मिश्रा पहले भारतीय में कार्यरत रह चुके हैं तथा शुजालपुर के गवर्नमेंट हॉस्पिटल में भी रह चुके हैं. डॉ मिश्रा ने भी शुजालपुर के मुक्तिधाम में भी काफी सहयोग किया हैद्य डॉक्टरी जैन माहेश्वरी डॉक्टर मिश्रा के परम मित्र हैं और उन्होंने ही तालीम में सास की हाई स्कूल में वाटर कूलर देने के लिए मार्गदर्शन दिया था.

इस अवसर पर छात्रों द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया वही हाई स्कूल के प्राचार्य रामचंद्र जाटव ने डॉक्टर मिश्रा डॉक्टर महेश्वरी वी तिथियां का पुष्प माला वह शाल श्रीफल से स्वागत किया तथा कन्या स्कूल को जो वाटर कूलर दिया है उसके लिए धन्यवाद प्रदान किया. इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ छात्राएं. उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन. शिक्षक अरविंद प्रजापति ने किया.

**मांग** ▶ **जिला मुख्यालय पर नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपा**

# 2 साल पहले टेंडर हुआ, अब तक नहीं बनी सड़क

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 19 अगस्त, का. कायाकल्प योजना-2 के अंतर्गत दो साल पहले हुए टेण्डर के बावजूद अब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं हो सका है. शासन की राशि जारी हो चुकी है और वह उपयोग नहीं आ रही है. समय रहते सड़क भी लोगों को नहीं मिल पाई. इसे लेकर जिला मुख्यालय पर वार्ड क्रमांक 14 के नागरिकों ने सीएमओ नगर पालिका को ज्ञापन सौंपा है.**

वार्डवासियों ने साथ मिलकर नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपा और कायाकल्प योजना-2 के अंतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य को तत्काल शुरू कराने की मांग की. वार्डवासियों ने बताया कि इस



सड़क का टेंडर लगभग 2 वर्ष पूर्व हो चुका है, लेकिन आज तक ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है.

लंबे समय से सड़क निर्माण का इंतजार कर रहे वार्डवासियों की समस्या को लेकर आज नगर पालिका का घेराव एवं धरना-प्रदर्शन किया गया. हमारी स्पष्ट मांग है कि स्वीकृत सड़क का निर्माण कार्य बिना किसी और देरी के तत्काल प्रारंभ कराया जाए, ताकि वार्डवासियों को राहत मिल सके. वार्डवासियों की समस्या के समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा. वहीं नगर पालिका सीएमओ ने मामले में जल्द संज्ञान लेने की बात कही है.

### झूलते तार और पुरानी केबल से मिली निजात

**पड़ाना 19 अगस्त, सं.** गांव के अंदरूनी हिस्सों में लंबे समय से झूलते बिजली के तार, जर्जर केबल और लोहे के विद्युत पोल में करंट उतरने का खतरा बना हुआ था. जनहित की इस समस्या को लेकर जनपद सदस्य सोनू मंसूरी ने मऊ विद्युत विभाग के सुपरवाइजर श्री मिश्रा को अवगत कराया. समस्या को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने तुरंत कार्रवाई की. सुपरवाइजर मिश्रा के निर्देश पर विद्युत विभाग की टीम हरिप्रसाद यादव, ओम मालवीय, अनिल सोनी इत्यादि ने आवास कॉलोनी, बुनकर कॉलोनी, बाजार सहित अंदरूनी इलाकों में झूलते तारों और घटिया किस्म की केबल को हटाकर नई केबल लगाई. साथ ही कैंप में आई शिकायत जर्जर पोलों की भी जांच कर दूसरा कॉल शिफ्ट किया जा रहा है.जनपद सदस्य सोनू मंसूरी ने कहा कि लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले तारों को बदलवाना जरूरी था. विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर सराहनीय काम किया है. वहीं सुपरवाइजर मिश्रा ने बताया कि 2 किलोमीटर नवीन केबल लगाने का काम चल रहा है और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसी शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा.